# पुतनि ने हाथरस भगदड़ त्रासदी पर संवेदना व्यक्त की

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन** ने **उत्तर प्रदेश में एक धार्मिक समागम** में हुई भगदड़ पर शोक व्यक्त किया जिसमें 121 लोग मारे गए थे।

- भगदड़ भीड़ का एक आवेगपूर्ण सामूहिक आंदोलन है जिसके परिणामस्वरूप अक्सर चोटें और मौतें होती हैं।

## मुख्य बिंदु

- **भगदड़ उत्तर प्रदेश के हाथरस ज़िले में हुई। पीड़ित हज़ारों लोगों की भीड़ का हिस्सा थे जो एक धार्मिक उपदेशक के 'सत्संग' के लिये सिकंदराराऊ क्षेत्र के फुलराई गाँव के पास एकत्र हुए थे।**
- उत्तर प्रदेश पुलिस ने धार्मिक समागम के **आयोजकों के खिलाफ** प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज की है।
  - आयोजकों पर **साक्ष्य छिपाने** और केवल 80,000 लोगों के उपस्थिति होने की अनुमति के बावजूद 2.5 लाख लोगों को कार्यक्रम में एकत्रित होने की अनुमति देकर **शर्तों का उल्लंघन करने** का आरोप है।

## प्रथम सूचना रिपोर्ट (First Information Report- FIR)

- प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) एक **लिखित दस्तावेज़** है जो पुलिस द्वारा तब तैयार की जाती है जब उसे किसी संज्ञेय अपराध के बारे में सूचना प्राप्त होती है।
- यह एक **सूचना रिपोर्ट है जो समय पर सबसे पहले पुलिस तक पहुँचती है,** इसीलिये इसे प्रथम सूचना रिपोर्ट कहा जाता है।
- यह आमतौर पर एक संज्ञेय अपराध के शिकार व्यक्ति द्वारा या उसकी ओर से किसी व्यक्ति द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत होती है। **कोई भी व्यक्ति संज्ञेय अपराध की सूचना मौखिक या लिखित रूप में दे सकता है।**
- FIR शब्द भारतीय दंड संहिता (IPC), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (CrPC), 1973 **या किसी अन्य कानून में परिभाषित नहीं है।**
  - हालाँकि पुलिस नियमों या कानूनों में CrPC की धारा 154 के तहत दर्ज की गई जानकारी को प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) के रूप में जाना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/putin-expresses-condolences-for-hathras-stampede-tragedy